DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE Day Thursday **202601001**

EXPECTED IN FIRST HALF OF 2027

From Jab to Pills Novo, Lilly set to Take Obesity Drug Battle to India

Pills could attract injection-averse patients & existing users seeking long-term weight maintenance

Rica Bhattacharyya

Mumbai: India's obesity drug market is gearing up for its next big fight–this time over a pill, not a jab.

Danish drugmaker Novo Nordisk's oral Wegovy (semaglutide) and US pharma major Eli Lilly's oral GLP-1 orforglipron are expected to enter India in the first half of 2027, according to industry sources familiar with the regulatory process. Both companies have already submitted their oral products to Indian regulators, said top officials.

Novo CEO Mike Doustdar recently said oral drugs could account for as much as half the global obesity drug market by 2030. The company is placing significant bets on a future dominated by pills.

"When you come across a pill that is almost as efficacious as injectables, then why not?" said one of the people cited.

Another said: "Orforglipron is expected by January-February, followed by oral Wegovy."

One in three US obesity prescriptions are already oral, an industry executive said. Novo and Lilly launched oral weight loss drugs in the US earlier this year.

"Two out of three prescriptions are still of Novo in the US, though Lilly is narrowing the gap," the person said.



Oral weight loss drugs have an average weight-loss efficacy of 12-15%, meaning those who take it are able to shed that proportion of weight over a specified treatment period. That compares with 15-22% for injectables.

Novo, which is aggressively expanding in the oral obesity drug market, struck a deal on Tuesday with China's Hengrui Pharma for HRS-1596, a potential once-weekly oral GLP-1/GIP dual agonist that targets the same hormone pathways as Lily's tirzepatide (Mounjaro). Semaglutide is a single-action (GLP-1) drug.

Doctors said oral GLP-1s will generate two possible pools of demand–needle-phobic patients who have avoided injections so far and existing users who may want to shift from weekly jabs to oral treatment for longer-term weight maintenance. "Novo is really going after these pills now," said a top executive.

Generic semaglutide is already widely used, while new oral GLP-1 drugs could make treatment easier

"Though this pill from Hengrui is still in Phase 1 and may take 5-7 years, what is important is that it is a once weekly oral GLP1-GIP molecule," said leading diabetologist Rajiv Kovil.

Oral GLP-1s will be a "game changer" for India's obesity drug market, said Vyankatesh Shivane, senior endocrinologist at Mumbai's Jaslok Hospital.

Many patients are already using synthetic (generic) semaglutide from Indian companies and new oral GLP-1s from innovators can make treatment easier. Oral therapy can also be useful for people who have already lost weight on injections and want to maintain their levels, he said. "There are at least 15-20% of patients who do not take the injectable because of the fear," Kovil said. "Pills could also widen the prescribing base as they may be easier for general physicians and other doctors to prescribe than injectables." Some patients who have reached their weight targets after one-and-a-half to two years of treatment are reluctant to remain on weekly injections indefinitely, Kovil said. He expects some of them could shift to oral therapy for staying lighter. "It can always be that you inject to lose and you use a pill to maintain," he said.

Neeraj Tulara, a Mumbai-based diabetologist and general medicine expert, is of the view that oral GLP1s may improve initial acceptance but convenience alone may not solve the bigger problem of long-term adherence. "Pricing will be an important factor," he said.

India's elderly women need better social security cover

India's population is ageing rapidly, and with little social protection, poverty, and destitution, old age is emerging as a new development challenge. As per the India Ageing Report, older persons (above 60 years) currently constitute roughly 10.5% of the country's population – and are set to reach 20.8% by 2050. This International Day for Older Persons (October 1) should remind us that India is experiencing a feminisation of ageing, i.e., women outnumbering men in the elderly population. Nearly 54% of elderly women outlive their partners compared to only 16% elderly men. There are nearly 1,065 elderly women per 1,000 elderly men, higher in urban areas (1,084) compared to rural areas (1,055).

Women live longer but they typically have higher morbidities, poorer nutrition, and find basic tasks more challenging than men. The bulk of older women are uneducated and lack assets or a regular source of income, making them heavily dependent on family members. Nearly 68.2% of women aged 60-75 years are illiterate, compared to only 40% of men in the same age group. The small number of educated elderly women also lack digital and financial skills, which undermines their financial independence. Pension coverage is extremely low. Only 7.8% of elderly women who have ever worked in the organised sector receive a pension — much lower than the 23.2% figure for men.



Malancha Chakrabarty

The National Social Assistance Programme (NSAP) was launched in 1995 to assist poor households in case of old age or disability. There are currently three schemes for elderly persons under NSAP: the Indira Gandhi National Old Age Pension Scheme (IGNOAPS), the Indira Gandhi National Widow Pension Scheme (IGNWPS), and the Annapurna Scheme. Under IGNOAPS, the Union government provides a pension of ₹200 per month for beneficiaries aged 60-79 years, and ₹500 for those above 80 years. IGNWPS provides ₹300 per month to widows from below poverty line households. State governments also contribute. Consequently, the actual pension received depends upon the combined contribution of the Centre and the states. Sadly, the Centre's contribution has remained static for years, due to which, pension amounts vary significantly across states and Union territories. Elderly women in states such as Manipur, Nagaland, and Assam receive only ₹200-300 per month as state governments make little or no contributions. On the other hand, elderly women from Andhra Pradesh, Haryana, and Telangana receive much higher pensions due to substantial contributions from the state governments. Pension coverage under the NSAP is also low.

Elderly women play a critical role to the Indian economy through their paid and unpaid care work. They are engaged in agriculture, petty production, and informal jobs. In states such as Kerala, elderly women constituted the bulk of the labour force under the MG-NREGS. According to the Longitudinal Ageing Study in India (LASI), nearly 22% of elderly women are currently working, with the bulk of them engaged in agriculture. They also spend nearly 20 hours per week caring for their grandchildren, husbands, and disabled or dependent family members.

The concerns of elderly women find little space in the policy or political realm. Much of the policy discourse on gender prioritises health and nutrition for pregnant and lactating mothers and education for girls. The health and financial concerns of older women are rarely discussed. In recent years, women have also emerged as an important political force, and many governments have instituted cash transfer programmes. These welfare schemes provide monthly assistance of ₹1,000-1,500 to women aged 18-65 years leaving out older women, often living with chronic disability or disease. This is a lopsided welfare model that favours younger/relatively younger women.

This should serve as a wake-up call regarding the challenges elderly women face. First, elderly women must be viewed not as dependents, but as active contributors to the economy. Second, governments at all levels must assume greater responsibility for caring for older citizens, notably elderly women, often living in poverty and destitution. India urgently needs a universal social pension that is inflation indexed for older persons, particularly older women, who lack economic independence. It also needs a comprehensive care programme that includes health, nutrition, and social protection for elders, particularly women living alone in rural areas.

Malancha Chakrabarty is a senior fellow at the Observer Research Foundation, and is a member of the NITI Aayog's Committee to develop a Comprehensive Strategy for Senior Citizen Care in India. The views expressed are original

Limp monsoon that left swathes of India bone dry

Abhishek Jha and Akshay Deoras

Wednesday marked the end of the four-month-long south-west monsoon, which normally accounts for 75% of India's annual rainfall. How was the rainfall performance this season? Bad is the short answer, with total monsoon rainfall being the 17th lowest since 1901 (earliest available data). This detailed analysis explains exactly what this entails.

A month of surplus rain did not ease the El Nino pain

An early El Nino—a cyclical warming of the central eastern equatorial Pacific Ocean that brings monsoon rain—event that rainfall would be underwhelming. According to the India Meteorological Department's (IMD) real-time gridded data, India received 767mm rainfall in the monsoon in terms of area weighted average.

This is the 17th lowest monsoon rainfall for since 1901 and 10.5% below the 1971-2020 average for the same period, which IMD currently considers as the Long Period Average (LPA) for tracking monsoon rain. This also makes the 2026 monsoon the driest since 2009, when India got 72mm rain by weighted average. Only July recorded a surplus this monsoon, although the deficit was relatively small in September too.

To be sure, IMD's published statistics may show slightly different numbers because they use a somewhat different method for computing India averages.

38% of the country's area has drought-like conditions

There is no uniform definition of drought in India. This is because the term has practical implications for agriculture, and vegetation stress is not guided by rainfall alone. One rainfall-based definition sometimes used in Mausam (the quarterly research journal of IMD) defines a 20%-50% rainfall deficit over LPA as a "moderate" drought and more than 50% deficit as a "severe" drought.

The gridded data shows that 38% of the country is in drought, with 11.7% in the severe range. The area under drought is the 17th highest since 1901 and the area under severe drought is the 35th highest. (See Chart 1)

Long dry spells were the norm in western and peninsular India

This can be seen by tracking dry days or days of rain under 2.5mm. Parts of Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Karnataka, Maharashtra, Gujarat, and Rajasthan saw the longest dry spell—consecutive dry days—stretch longer than 50 days.

At least half of the area of most states also saw more dry days than monsoon than in the 1971-2020 average. The only exceptions were Uttar Pradesh, West Bengal, and Madhya Pradesh among big states, and even here, 39%-46% of the area saw more dry days than normal. (See Maps 1 and 2)


Low-pressure systems kept parts of eastern and central India wet

While a drought-like dryness leads to water stress, it does not mean agriculture will be completely doomed. Some parts, such as the Indo-Gangetic plains, are well-irrigated. On the other hand, parts of these plains faced floods.

IMD defines a surplus of 20%-59% as "excess" and at least 60% as "large excess". Deficits of the same degree are called "deficient" and "large deficient", with deviation up to ±19% of LPA called "normal". 52.7% of the country ended up in the normal and excess categories for June-September. But that was because of monsoon low-pressure systems that travelled from the Bay of Bengal to bring excess rain in the July-September period. Odisha and parts of Chhattisgarh, Madhya Pradesh, and Uttar Pradesh were the most affected by excess of this kind.

Another peculiarity this monsoon was the flooding in Bihar, though most of the state was deficient even from July to September. This was because of floods in rivers and tributaries that flow to the state either from Nepal or its neighbouring states. This worsens crop damage and likely headwinds to farm incomes and tailwinds to inflation not just on account of low rain but also more rain than what was needed. (See Map 3)

Akshay Deoras is Senior Research Scientist at the National Centre for Atmospheric Science & Department of Meteorology, University of Reading, UK



central area had a nearly two-

spokesperson said.

Ensure pvt hospitals give free EWS treatment: SC tells govt

Abraham Thomas

abraham.thomas@hindustantimes.com

NEW DELHI: The Supreme Court on Wednesday directed the Delhi government to ensure that every private hospital allotted land at concessional rates fulfils its obligation to provide free treatment to the economically weaker section (EWS) of society.

The court issued the direction while dealing with the process to finalise guidelines to ensure EWS patients are not denied free treatment at hospitals bound by the land lease clause. The amici curiae in the matter submitted that EWS patients alleged that they were turned away by some hospitals, stating that they were not a part of the court proceedings.

A bench of justices Prashant Kumar Mishra and Shree Chandrashekhar said, "It has been brought to our notice that there are other hospitals over and above the 51 enlisted hospitals that would be falling in the category of hospitals which received government grant and would be governed by our order of which compliance is being sought in these proceedings."

To be sure, as per a 2018 ruling by the top court, all hospitals which received land at concessional rates are bound under the lease deed conditions to provide free treatment to the EWS, to the extent of 10% at in-patient departments (IPD) and 25% at out-patient departments (OPDs). The court had received a list of 51 hospitals from the the Delhi government, which listed leading private hospitals among those that benefitted.

Senior advocate Sanjay Jain and advocate Ninad Laud, the amici, sought the court's permission to undertake an exercise of identifying any further hospital that falls under this category, beyond the list of 51. But the bench said, "How will you know about this? Let the information come from the health department."

The court directed the health secretary, Government of National Capital Territory of Delhi (GNCTD) to undertake an exercise and file details of the hospitals that fall within this category and are excluded from the list given to the court. The bench posted the matter for further hearing on November 4.

The court directed that by the next hearing, a final standard operating procedure (SOP) be filed.

विश्व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांग्रेस में जुटे दुनिया के विशेषज्ञ

भारत में 100 वयस्कों में 39 फैटी लिवर से पीड़ित

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। नई दिल्ली में बुधवार से शुरू हुए विश्व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांग्रेस-2026 में 61 देशों के करीब 3,000 विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य पर मंथन किया। इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि भारत के 100 वयस्कों में 39 को फैटी लिवर की समस्या है। भारतीय बच्चों में भी यह अनुमान 35.4 % है।

फैटी लिवर को लेकर चिंता इसलिए भी बढ़ रही है क्योंकि इसके शुरुआती चरण में अक्सर साफ लक्षण दिखाई नहीं देते। मोटापा, डायबिटीज और जीवनशैली से जुड़ी दूसरी समस्याओं के साथ इसका संबंध भी देखा गया है। एम्स के विशेषज्ञों ने बताया कि दुनिया में हर तीन में एक व्यक्ति को कब्ज, दस्त या दूसरी पाचन संबंधी शिकायतों का सामना करना पड़ता है।




कब्ज-पेट फूलने की अनदेखी ठीक नहीं

कब्ज-पेट फूलने को सामान्य समझकर नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। एम्स विशेषज्ञों ने मल में खून आना और निगलने में परेशानी को चेतावनी के संकेत बताया। चार दिवसीय विश्व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी कांग्रेस भारत में पहली बार हो रही है। इसका विषय पाचन तंत्र के स्वास्थ्य में बदलाव, प्रकृति का संरक्षण है। लिवर और पाचन तंत्र की बीमारियों की पहचान और इलाज में अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल पर भी चर्चा हुई।

मजबूत अल नीनो के बीच 2001 के बाद चौथा सबसे कमजोर मानसून

पूर्वोत्तर में 125 वर्षों का रिकॉर्ड टूटा, 316 जिलों में सूखे जैसा संकट



राष्ट्रीय स्तर पर स्थिति

क्षेत्रीय विषमताएं (क्षेत्रवार आंकड़े)

जून में सबसे कम बारिश

कम दबाव के तंत्र से राहत

महाराष्ट्र में 1972 के बाद सबसे बड़ा सूखा 80 फीसदी फसलें तबाह...संकट में किसान

आसमान से देखने पर मराठवाड़ा भले ही हरा-भरा दिख रहा है लेकिन हकीकत जमीन पर उतरते ही तस्वीर बदल जाती है। खेतों में खड़ी सोयाबीन पीली पड़ चुकी है, कपास की पैदावार रुक गई है, अरहर मुरझा गई है और गन्ना अपनी सामान्य ऊंचाई तक पहुंचने से पहले ही सूखने लगा है। महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के तीन जिले लातूर, बीड और धाराशिव के आसपास के इलाकों में बारिश की बेरुखी ने खरीफ की उम्मीदों को झुलसा दिया है। 80 फीसदी फसलें सूख चुकी हैं। जाहिर है कि किसान बड़े संकट में हैं। पूरे हालात पर नजर डालती सुधीर मिश्र की रिपोर्ट।


इस फसल से तो खर्च भी निकालना मुश्किल, अगली फसल कैसे बोएंगे



डेढ़ लाख खर्च कर बोई फसल हटाने में खर्च होंगे 40 हजार



नदी सूखी, जलाशयों में सिर्फ 12 फीसदी पानी



खेती के लिए अब संकट के तीन चरण

संभालने में खर्च होंगे 50 हजार करोड़ रुपये

सीईसी, एसआईआर पर इंडिया ब्लॉक ने किया आर-पार की लड़ाई का एलान

गलत नहीं तो ईवीएम क्यों जलाया : ममता

पहलगाम हमले में शामिल था मुशर्रफ का सुरक्षा गार्ड मूसा, सेना ने मार गिराया

भारत की धरा आएंगे नेपाल के

सुविधा उपभोगी हो सकती है।

लोगों के लिए शुरू हो गई है। इसी

इलेक्ट्रिक करने पहुंचे थे।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाना है।

कैंसर से पीड़ित उज्बेकिस्तान की बच्ची के लिए बना ग्रीन कॉरिडोर

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। बोन कैंसर से जूझ रही उज्बेकिस्तान की 11 वर्षीय बच्ची के पैर को बचाने के लिए डॉक्टरों ने जटिल और समन्वित उपचार प्रक्रिया शुरू की है। बच्ची को बाईं जांघ की कॉमन हड्डी में ऑस्टियोसारकोमा है। कैंसर प्रभावित हड्डी के हिस्से को सर्जरी से निकालकर रेडिएशन उपचार के लिए दूसरे अस्पताल भेजा गया। हड्डी को सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए दोनों अस्पतालों के बीच विशेष ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

बच्ची को उज्बेकिस्तान में कीमोथेरेपी के आठ राउंड हो चुके थे। भारत में जांच के बाद डॉक्टरों ने पैर बचाने वाली सर्जरी का निर्णय लिया। इसके तहत प्रभावित हड्डी को निकालकर दूसरे अस्पताल में रेडिएशन दिया जाएगा। उपचार के बाद इसी हड्डी को वापस लाकर बच्ची की फीमर में दोबारा प्रत्यारोपित किया जाएगा।

पूरी प्रक्रिया में दोनों अस्पतालों की मेडिकल टीमों ने आपसी तालमेल से हड्डी के सुरक्षित और समयबद्ध परिवहन की व्यवस्था की। एक अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशीष चौधरी ने कहा कि ऐसे जटिल मामलों में विशेषज्ञों और अस्पतालों के बीच समन्वय बेहद महत्वपूर्ण है।

महिलाओं के लिए विशेष यूरोलॉजी ओपीडी शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में महिलाओं में यूरोलॉजी से जुड़ी समस्याओं के इलाज के लिए बुधवार से विशेष समर्पित महिला यूरोलॉजी ओपीडी शुरू की गई। यह ओपीडी हर दूसरे बुधवार को सुबह 9 बजे से यूरोलॉजी ओपीडी में संचालित होगी।

इस विशेष ओपीडी में महिलाओं में मूत्र संबंधी विभिन्न समस्याओं की जांच और उपचार किया जाएगा। इनमें मूत्र का अनियंत्रित रूप से निकलना, मूत्र पर नियंत्रण न रहना, महिला मूत्रमार्ग में संकुचन, श्रोणि अंगों का नीचे खिसकना, बार-बार या अचानक मूत्र लगना, पेशाब करने में परेशानी और श्रोणि तल की मांसपेशियों से संबंधित समस्याएं शामिल हैं।

यह सेवा यूरोलॉजी ओपीडी के कमरा नंबर 63, ग्राउंड फ्लोर पर उपलब्ध होगी। ओपीडी का संचालन मूत्र रोग एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग के प्रोफेसर एवं



अस्पताल में जानकारी देतीं चिकित्सक। फोटो : अस्पताल

आरएमएल अस्पताल में हर दूसरे बुधवार को मिलेगी विशेषज्ञ परामर्श और उपचार की सुविधा

विभागाध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार गोयल के नेतृत्व में किया जाएगा। डॉ. गोयल ने बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं को यूरोलॉजी संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श, जांच और उपचार एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

PG मेडिकल में सबसे ज्यादा सीटें जनरल मेडिसिन की

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** देश में मेडिकल की पीजी पढ़ाई के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कुल 63,177 सीटें मंजूर की गई हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन (NMC) की सीट मैट्रिक्स के मुताबिक, सबसे ज्यादा 6,143 सीटें एमडी जनरल मेडिसिन में हैं।

राज्यवार आंकड़ों में कर्नाटक 8,323 सीटों के साथ सबसे आगे है। कोर्स के हिसाब से जनरल मेडिसिन के बाद एमडी एनेस्थीसियोलॉजी में 5,672 और एमएस जनरल सर्जरी में 5,591 सीटें हैं। एमएस ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी में 4,690 और एमडी पीडियाट्रिक्स में 4,203 सीटें मंजूर की गई हैं।

AI Image



सत्र 2026-27 में कुल 63,177 सीटें मंजूर की गईं

राज्यवार सीटों में कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र में 6,992 और तमिलनाडु में 6,306 सीटें हैं। उत्तर प्रदेश 6,082 सीटों के साथ चौथे स्थान पर है। दिल्ली में 1,660, बिहार में 1,470, ओडिशा में 1,419, हरियाणा में 1,129 सीटें हैं।

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

सड़क पर पैदल चलते हुए योग कर रहे लोग

बिना जिम के फिटनेस का नया तरीका बना 'वॉकिंग योग'

ट्रेंड

न्यूयॉर्क, एजेंसी। साल 2026 में 'वॉकिंग योग' तेजी से लोकप्रिय हो रहा फिटनेस ट्रेंड है।

यह साधारण पैदल चलने के साथ योगिक सिद्धांतों जैसे कि सचेत सांस लेने (प्राणायाम), शारीरिक संतुलन और माइंडफुलनेस (मानसिक एकाग्रता) का एक अनोखा मिश्रण है। 2024 की तुलना में 2026 में इंटरनेट पर वॉकिंग योग की सर्च में 2,414 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया है।

इसके लिए किसी महंगे जिम मेंबरशिप की जरूरत नहीं है। केवल 20 से 30 मिनट की एक साधारण वॉक में सही मुद्रा, सांसों के तालमेल और हल्की स्ट्रेचिंग को शामिल करके कोई भी व्यक्ति इसका लाभ ले सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना महामारी के बाद लोग अब भारी-भरकम और थका देने वाले वर्कआउट के बजाय शांति और निरंतर बनी रहने वाली फिटनेस को प्राथमिकता दे रहे हैं। पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर अब इसके समूह बनने लगे हैं, जो इसे एक सामाजिक अनुभव भी बनाते हैं।

परंपरागत योग के लिए एक शांत जगह और योगा मैट की आवश्यकता होती है, जबकि वॉकिंग योग आप पार्क, सड़क, घर के लॉन या ऑफिस के लंच ब्रेक में भी कर सकते हैं। इसमें शरीर को कठिन कोणों में मोड़ने की कोई मजबूरी नहीं होती, जिससे इसे बिना किसी पूर्व प्रशिक्षण के शुरू किया जा सकता है। कम प्रभाव वाला वर्कआउट होने के कारण यह वरिष्ठ-नागरिकों के जोड़ों पर बिना कोई दबाव डाले उन्हें स्वस्थ रखता है। जो लोग किसी चोट या बीमारी से उबर रहे हैं या जिन्होंने कभी एक्सरसाइज नहीं की है, उनके लिए यह बिल्कुल सुरक्षित विकल्प है।

20

से 30 मिनट की सैर में ही पूरा योगाभ्यास हो सकता है। घर के लॉन या ऑफिस के लंच ब्रेक में भी इसे कर सकते हैं।



छोटे-छोटे फायदे जान लें

- चलने से शरीर सक्रिय रहता है, हृदय स्वास्थ्य को फायदा मिल सकता है।
- सांस पर ध्यान देने से तनाव कम करने में मदद मिल सकती है।
- शरीर की मुद्रा और चाल पर ध्यान देने से बॉडी अवेयरनेस बढ़ती है।
- हल्की स्ट्रेचिंग से शरीर लचीला बनाए रखने में मदद मिलती है।

के तौर पर देने का आदेश भी दिया।

रोहिणी कोर्ट के फैसले की बड़ी विशेषता यह है कि

रोहिणी कोर्ट का फैसला बेहद मानवीय है। एक छोटी

अपनों से बेगानापन झेलने को मजबूर हमारे बुजुर्ग

हर साल 1 अक्तूबर को 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के अवसर पर गोष्ठियां आयोजित होती हैं, वक्तव्य दिए जाते हैं और बुजुर्गों को समाज के लिए अमूल्य बताने वाले नारों की बौछार कर दी जाती है, पर इन औपचारिक आयोजनों के आवरण को हटाकर देखें, तो भारत की कड़वी सामाजिक सच्चाई अत्यंत दुखद और विचारणीय दिखती है। जिस संस्कृति में बुजुर्गों के अनुभवों को जीवन की राह दिखाने वाला प्रकाशपुंज माना जाता रहा है, उसी समाज में उन्हें अनुपयोगी सामान समझकर घर के किसी कोने में फेंक देने या वृद्धाश्रमों के सहारे छोड़ देने की आदत गहराती जा रही है।



पंकज चतुर्वेदी | वरिष्ठ पत्रकार

एक हालिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बनारस के एक मशहूर वृद्धाश्रम में बीते एक वर्ष के दौरान पचास से अधिक बुजुर्गों की सांसें थम गईं। जब वे जीवित थे, तब उनके परिजनों ने कभी उनकी सुध लेना आवश्यक नहीं समझा। त्रासदी की पराकाष्ठा तो तब देखने को मिली, जब मृत्यु के पश्चात वही परिजन केवल इसलिए शव का दावा करने पहुंचे, ताकि बीमा की धनराशि या पैतृक संपत्ति का स्वामित्व प्राप्त किया जा सके। यह घटना किसी एक शहर या आश्रम की नहीं है, बल्कि उस बदलती सामाजिक मानसिकता की परिचायक है, जहां मानवीय संबंधों की गरमाहट पर स्वार्थ और निष्ठुरता हावी हो चुकी है।

यदि हम मानते हैं कि जो व्यक्ति आर्थिक रूप से उत्पादक नहीं, उसकी उपयोगिता खत्म हो गई है, तो यकीनन हमारी संवेदनाएं मर गई हैं।

यदि बुजुर्गों को समृद्ध मानव संसाधन मान लिया जाए, तो भारत बहुत संपन्न देश है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश में 10.38 करोड़ बुजुर्ग थे। अनुमान है, 2021 में यह संख्या 13.76 करोड़ और इस साल 17.32 करोड़ हो गई है। एक अनुमान के अनुसार, 2031 में लगभग 19.34 करोड़ बुजुर्ग देश में होंगे और 2036 में यह संख्या 23 करोड़ हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का आकलन है कि 2050 में लगभग 34.7 करोड़ संख्या के साथ कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से अधिक हो सकती है।

दूसरी ओर, बुजुर्गों की बढ़ती संख्या की तुलना में हमारे यहां माकूल योजना का अभाव है। बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए सरकारी कार्यक्रम हैं। इसके अलावा, 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख तक का स्वास्थ्य कवर जोड़ा गया है, लेकिन 60-69 वर्ष के सभी लोगों को केवल उम्र के आधार पर यह कवर नहीं मिलता। गरीब बुजुर्गों के लिए वृद्धावस्था पेंशन उपलब्ध है। हालांकि, यह एक कड़वा सच है कि घर पर देखभाल, सहायक उपकरण और देखभाल-केंद्र जैसी सुविधाएं बहुत कम हैं और इनकी उपलब्धता हर क्षेत्र में समान नहीं है। ढलती उम्र के साथ आने वाली शारीरिक व्याधियां बुजुर्गों को पूरी तरह दूसरों पर निर्भर बना देती हैं।

शारीरिक कष्ट से अधिक गहरा आघात उन्हें मानसिक व भावनात्मक अकेलापन पहुंचाता है। एकल परिवारों के बढ़ते चलन, आजीविका की तलाश में बच्चों के प्रवास और घर के भीतर संवादहीनता ने बुजुर्गों को एक गहरी उदासी और अवसाद में धकेल दिया है। जिस उम्र में व्यक्ति को अपने नाती-पोतों का सान्निध्य और सम्मानजनक स्थान मिलना चाहिए, उस उम्र में सूने कमरों की दीवारें निहारने को वे विवश हैं। समाज में वृद्धों के मानसिक स्वास्थ्य पर बात करना आज भी उपेक्षित विषय बना हुआ है और उनके अवसाद को अक्सर उम्र का स्वाभाविक असर मानकर अनदेखा कर दिया जाता है।

यदि हम एक समाज के रूप में यह स्वीकार कर चुके हैं कि जो व्यक्ति आर्थिक रूप से उत्पादक नहीं रहा, उसकी सामाजिक और पारिवारिक उपयोगिता भी समाप्त हो गई, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारी संवेदनाएं बंजर हो चुकी हैं। कानून और सरकारी नीतियां अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, परंतु जब तक घर-परिवार के भीतर बुजुर्गों के अनुभवों के प्रति आदर भाव और उनकी भावनात्मक जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता का पुनर्जागरण नहीं होगा, तब तक 'वृद्धजन दिवस' जैसे आयोजन केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगे। हमें यह स्मरण रखना होगा कि आज हम अपने बुजुर्गों के प्रति जो उपेक्षापूर्ण रवैया अपना रहे हैं, आने वाले कल में वही व्यवहार हमारी प्रतीक्षा कर रहा होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

जीरो कार्बन एनालिटिक्स की रिपोर्ट जारी, कॉफी, मांस, सब्जियों की कीमतें बढ़ीं

संकट: जलवायु परिवर्तन से भी खाद्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव सिर्फ चरम मौसमी घटनाओं तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि इससे खाद्य उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर असर के रूप में दिखाई दे रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार सूखा, रिकॉर्ड गर्मी और बहुत ज्यादा बारिश की घटनाओं ने दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कॉफी, मांस, सब्जियों, आलू और समुद्री शैवाल जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज बढ़ोतरी की है।

जीरो कार्बन एनालिटिक्स की नई रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम में हो रहे ये बदलाव स्थानीय स्तर पर होने वाली अस्थायी खाद्य कमी को लंबे समय तक ऊंची बनी रहने वाली कीमतों की समस्या में बदल रहे हैं। रिपोर्ट के साथ कीमतों में बढ़ोतरी का मानचित्र जारी किया गया है। इसमें 16 मामले उस अकादमिक अध्ययन से लिए गए हैं, जिस पर इसकी पद्धति आधारित है। 2024 के बाद खाद्य आपूर्ति को प्रभावित करने वाले 12 नए मामलों को इसमें शामिल किया गया है।

मानचित्र में यह देखा गया है कि संबंधित अवधि में मौसम सामान्य से कितना अलग था और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वास्तव में कितनी बढ़ोतरी हुई।

सुपर अल नीनो की स्थिति बन रही: इन मामलों को अलग-अलग घटनाओं के रूप में देखने के बजाय बड़े बदलाव के हिस्से के तौर पर देखना होगा। कई तरह के जलवायु झटके एक साथ बढ़ रहे हैं और इनका असर जल्दी खराब होने वाले और पोषक खाद्य पदार्थों पर पड़ रहा है। सुपर अल नीनो की स्थिति व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक दबावों के साथ मिलकर खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं में मौजूद सुरक्षा-परतों को कमजोर कर रही है।

कहां पर क्या महंगा

भारत
जुलाई 2026 में तोरई की उपभोक्ता कीमत पिछले साल की तुलना में 32 फीसदी, टमाटर की 31 फीसदी और हरी फलियों की कीमत 24 फीसदी बढ़ी।

ब्रिटेन
मई, 2023 से अप्रैल, 2024 में 12 महीनों की अवधि रिकॉर्ड पर ज्यादा बारिश वाली रही। खेतों में पानी भरने से पशुपालन प्रभावित हुआ।

अमेरिका
सितंबर, 2025 से फरवरी, 2026 के बीच ग्रेट प्लेन्स क्षेत्र में 26 साल में एक बार आने वाली गंभीर सूखे की स्थिति रही।

ब्राजील
2024 के दौरान सितंबर तक अरबिका कॉफी उगाने वाले क्षेत्र में रिकॉर्ड सूखा पड़ा। इससे कॉफी के फल बनने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।

अल नीनो से कमजोर पड़ा मानसून



अल नीनो के लगातार मजबूत होने का असर इस बार देश के मानसून पर पड़ा है। जून से सितंबर के बीच देश में सामान्य से 13 फीसदी कम बारिश हुई। आईएमडी के मुताबिक, वर्ष 2001 के बाद यह चौथा सबसे कमजोर मानसून रहा। देश में 868.6 मिलीमीटर के सामान्य औसत के मुकाबले 759.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बुधवार को जारी मासिक रिपोर्ट में बताया कि जून में प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति बनने के बाद यह मजबूत होती गई।

अक्तूबर में भी कम बारिश के आसार

आईएमडी के अनुसार, अक्तूबर में भी देशभर में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। इस महीने देश में दीर्घकालिक औसत की करीब 85 फीसदी बारिश होने का अनुमान है। वर्ष 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर अक्तूबर में देश में औसत बारिश 75.4 मिलीमीटर रहती है।

अक्तूबर के दूसरे सप्ताह तक विदाई

मानसून पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पूरी दिल्ली से लौट चुका है। उत्तर प्रदेश और गुजरात के कुछ हिस्सों से भी इसकी वापसी हो गई है। अक्तूबर के पहले सप्ताह में मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों से मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

अस्पतालों में डायलिसिस केंद्र शुरू करेगा निगम

अच्छी खबर

07 अस्पतालों में केंद्र शरू किए जाएंगे

- सेवाएं किफायदी दरों पर उपलब्ध होंगीं

नई दिल्ली, व.सं। दिल्ली नगर निगम के अस्पतालों में डायलिसिस केंद्र शुरू होंगे। निगम के सात अस्पतालों में सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत डायलिसिस केंद्र शुरू होंगे। इसमें प्रत्येक अस्पताल में डायलिसिस सेवाओं को किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक डायलिसिस केंद्र में दस मशीनों को स्थापित किया जाएगा।

इस संबंध में महापौर प्रवेश वाही ने बताया कि किडनी के मरीजों को नियमित डायलिसिस सेवाएं प्रदान करने के लिए इस योजना को तैयार किया गया है। इसमें निगम के मलका गंज स्थित हिंदू राव अस्पताल, दिलशाद गार्डन स्थित स्वामी दयानंद अस्पताल, फतेहपुर बेरी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी), तिलक नगर के माता गुजरी अस्पताल, कालकाजी स्थित पूर्णिमा सेठी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल और करावल नगर स्थित वीर सावरकर आरोग्य संस्थान में डायलिसिस केंद्र शुरू किए जाएंगे।

वहीं, दिल्ली नगर निगम प्रशासन अपने 78 विभिन्न सामुदायिक भवनों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में परिवर्तित करेगा।

हवा और ज्यादा प्रदूषित होने के आसार

नई दिल्ली, प्र.स.। राजधानी के लोगों के लिए अक्तूबर महीने में इस बार प्रदूषण का सितम पहले से ज्यादा हो सकता है। दिल्ली में इस बार सितंबर में सामान्य से 36 फीसदी कम बारिश हुई। इसका असर अक्तूबर में बढ़े हुए प्रदूषण के रूप में देखने को मिल सकता है।

दिल्ली में इस बार मानसून का सीजन मिला-जुला रहा। मानसून के सीजन में इस बार भले ही सामान्य से अधिक बारिश हुई हो, लेकिन राजधानी में इसकी दस्तक सामान्य से पांच दिन की देरी से हुई थी। दरअसल, सितंबर के महीने में हुई अच्छी बारिश होने और मानसून के देर तक टिके रहने से अक्तूबर में प्रदूषण के स्तर में भी सुधार देखने को मिलता है। इस बार सितंबर के दूसरे पखवाड़े में बेहद कम बारिश देखने को मिली है। इसलिए मौसम आमतौर पर काफी सूखा हो गया है। इसके चलते अभी से दिल्ली की अलग-अलग स्थानों पर तेज हवा के साथ धूल उड़ती देखी जा सकती है। सितंबर के महीने में सामान्य तौर पर 123.5 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार केवल 79.6 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 36 फीसदी कम है। पर्यावरण एवं विज्ञान केन्द्र (सीएसई) के विश्लेषण के मुताबिक, बारिश से दिल्ली को प्रदूषण से सिर्फ फौरी राहत मिल रही है।



पांच वर्ष बाद सितंबर में इतनी कम बारिश

राजधानी के सफदरजंग मौसम केन्द्र के मुताबिक, बीते पांच वर्षों में इस बार सितंबर के महीने में सबसे कम बारिश हुई है। 2020 में सितंबर के महीने में सिर्फ 20.9 मिमी बारिश हुई थी। इसके चलते अक्तूबर में प्रदूषण वाले दिनों की शुरुआत भी पहले हो गई थी।

सात वर्षों में सितंबर में हुई बारिश



आंकड़े मिमी में।

रात के तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना



नई दिल्ली, प्रसं। राजधानी में तेज धूप के चलते दिन के समय गर्मी बनी रहेगी। हालांकि, रात के तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह भर आसमान साफ रहेगा और बारिश के आसार नहीं हैं।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में बुधवार को सुबह से ही तेज धूप निकली। हालांकि, हवा की दिशा उत्तरी पश्चिमी होने के चलते अब मौसम काफी हद तक शुष्क हो गया है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग मौसम केन्द्र में दिन का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 0.5 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री रहा।

हवा में तेजी से प्रदूषक कणों का स्तर बढ़ने लगा

अब दिल्ली की हवा में प्रदूषक कणों का स्तर भी तेजी से बढ़ने लगा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 129 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले मंगलवार को यह सूचकांक 71 था। यानी चौबीस घंटे के भीतर ही सूचकांक में 58 अंकों की वृद्धि हुई।

फायर टेंडर, एक क्विक रिस्पांस

कारण को और भड़ा जाएगा।

एनसीआर के अन्य शहरों से आने वाली

लिए 17 सितंबर की तारीख तय की थी,

बुजुर्गों में याददाश्त की परेशानी बढ़ी



नईदिल्ली, प्र. स. । बढ़ती उम्र के साथ शारीरिक कमजोरी और याददाश्त से जुड़ी परेशानियां बुजुर्गों के जीवन को प्रभावित कर रही हैं।

दक्षिण दिल्ली में हुए एक अध्ययन में शारीरिक कमजोरी (फ्रेल्टी) और हल्की संज्ञानात्मक कमी (माइल्ड कॉग्निटिव इम्पेयरमेंट) के बीच मजबूत संबंध पाया गया। दोनों समस्याओं के बढ़ने के साथ जीवन संतोष में भी कमी देखी गई।

एनल्स ऑफ मेडिसिन एंड मेडिकल साइंसेस में अप्रैल 2026 में प्रकाशित अध्ययन में दक्षिण दिल्ली के एक शहरी क्षेत्र के 221 बुजुर्गों को शामिल किया गया। शोध में 37.6 % बुजुर्ग फ्रेल्टी से प्रभावित मिले। वहीं, 42.5% में हल्की संज्ञानात्मक कमी पाई गई।

शोधकर्ताओं ने दोनों स्थितियों के बीच मजबूत संबंध दर्ज किया। अध्ययन में यह भी सामने आया कि जिन बुजुर्गों में कमजोरी, संज्ञानात्मक समस्या अधिक थी, उनमें जीवन संतोष स्तर कम था।

इहबास के जेरियाट्रिक मानसिक स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख वरिष्ठ मनोचिकित्सक प्रो. डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि बुजुर्गों में कमजोरी-याददाश्त की परेशानी को अक्सर उम्र बढ़ने का सामान्य हिस्सा मान लिया जाता है। इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।